श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
02.07.2024
आषाढ़ कृष्णपक्ष दशमी, संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 306

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:11 बजे
अस्त - 06:48 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 30 डिग्री से.
न्यूनतम : 25 डिग्री से.



बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com

शिक्षक के तबादले पर छात्राओं ने की सड़क जाम >> पेज 03 | ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हीना खान का पोस्ट >> पेज 04

**सुविचार**

दिमाग ठंडा हो तो फैसले गलत नहीं होते, और भाषा मीठी हो तो अपने दूर नहीं होते!

**न्यूज अपडेट्स**

### इजहार अंसारी की 62 संपत्तियां ईडी ने किया जब्त

**रांची।** हजारीबाग के कोयला व्यवसायी इजहार अंसारी के 62 संपत्तियों को ईडी ने अस्थायी रूप से जब्त किया है। ईडी ने सोमवार को यह कार्रवाई की है। ईडी ने जिन संपत्तियों को जब्त किया है, उसकी कीमत 9.67 करोड़ रुपये आंकी गई है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने हजारीबाग के चर्चित कोयला कारोबारी इजहार अंसारी को बीते 16 जनवरी को गिरफ्तार किया था। ईडी की जांच में खुलासा हुआ है, कि इजहार अंसारी ने लिंकेज (सब्सिडी दर) का 86568 टन कोयला वाराणसी और धनबाद की कोयला मंडियों में ज्यादा कीमत पर बेचा था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है।

### सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए समिति

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त व सूचना आयुक्तों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए नामों की अनुशंसा के लिए चयन समिति का पुनर्गठन किया है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन इसके अध्यक्ष होंगे जबकि सदस्य के रूप में नेता प्रतिपक्ष व अनुसूचित, जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ होंगे। कार्मिक विभाग ने सोमवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है और पूर्व की अधिसूचना को विलोपित कर दिया है।

**संसद** ▶ **विपक्ष के नेता के पहले भाषण के बीच सदन में जोरदार हंगामा**

# मोदी ने डर फैलाया, कांग्रेस के पास है अभय मुद्रा: राहुल गांधी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सदन में अपने पहले भाषण में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर तीखा हमला करते हुये सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में हर वर्ग एवं व्यक्ति को डराते हैं जबकि कांग्रेस का निशान भगवान शिव, इस्लाम, गुरु नानक, महात्मा बुद्ध, महावीर की अभय मुद्रा है, जो देश में सत्य, अहिंसा और निर्भयता फैला रहा है। राष्ट्रपति अभिभाषण पर चर्चा में विपक्ष की अगुवाई करते हुये गांधी ने डेढ़ घंटे से अधिक के भाषण में भारतीय जनता पार्टी पर तीखे प्रहार किये और एजेंसियों के दुरुपयोग, बेरोजगारी, महंगाई, अग्निवीर, किसान आंदोलन आदि मुद्दों पर सरकार को घेरा और स्वयं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर भी कटाक्ष किये। गांधी के भाषण के दौरान दो बार प्रधानमंत्री को हस्तक्षेप करना पड़ा, जबकि गृह मंत्री अमित शाह ने तीन बार और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक एक बार हस्तक्षेप करना पड़ा। इस दौरान लोकसभा की दर्शक दीर्घा में कांग्रेस संसदीय दल की नेता श्रीमती सोनिया गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी बैठीं थीं। उन्होंने भगवान शंकर, गुरु नानक देव, महात्मा बुद्ध, महावीर, इस्लाम में इबादत के हाथों की तस्वीरें दिखायीं और भारतीय जनता पार्टी पर हिंसा एवं नफरत फैलाने का आरोप लगाया,




लेकिन एक बयान से स्वयं गांधी को भी सदन का रोष झेलना पड़ा, जब उन्होंने कहा कि जो खुद को हिन्दू कहते हैं वे हिंसा और नफरत फैला रहे हैं।

### हिन्दू को हिंसक कहना गंभीर विषय : मोदी

गांधी के इस बयान के बाद स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उठ खड़े हुये और उन्होंने कहा कि पूरे हिन्दू समाज को हिंसक एवं नफरत फैलाने वाला कहना गंभीर विषय है। सत्ता पक्ष के लोगों ने नियमों का हवाला देते हुये गांधी से कहा कि उन्होंने पूरे हिन्दू समाज को हिंसक कहा है इसलिये उन्हें पूरे देश से माफी मांगनी चाहिये। सदन में इस पर सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के बीच कई मिनट तक चले विवाद के बाद में गांधी ने अपने बयान को बदलते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य खुद के हिन्दू होने का दावा करते हैं, लेकिन हिन्दू हिंसक नहीं होता, जबकि ये नफरत फैलाते हैं और हिंसा को बढ़ावा देते हैं। गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुये कहा कि संविधान पर तथा देश के सिस्टम पर भाजपा ने रणनीति के तहत हमला शुरू किया है। सत्ता की शक्ति का इस्तेमाल कर अल्पसंख्यकों तथा विपक्ष के सदस्यों पर हमले हो रहे हैं और उन्हें जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार के इस हमले का शिकार खुद मैं भी रहा हूं। मुझे दो साल के लिए जेल भेजने का आदेश मिला, मुझे संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित किया गया, मेरा घर छीना गया और जब इस तरह के आक्रमण होते हैं तो पूरा विपक्ष संविधान विरोधी आइडिया के खिलाफ एकजुट हो जाता है। विपक्ष के नेता के इन हमलों पर सत्ता पक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया और भारत माता के जय के नारे लगाने लगे जिस पर श्री गांधी ने कुछ देर तक चुप रहने के बाद जय संविधान कह कर जवाब दिया।

### सदन में भगवान शिव का चित्र दिखाया

गांधी ने सदन में भगवान शिव का चित्र सदन में दिखाया, लेकिन अध्यक्ष ने उन्हें टोका तो उन्होंने सवाल किया कि क्या भगवान शिव के चित्र को नहीं दिखाया जा सकता है। भगवान शिव अभय मुद्रा में होते हैं। गुरु नानक जी अभय मुद्रा में होते हैं। भगवान महावीर का अभय मुद्रा वाला चित्र भी दिखाया। उन्होंने कहा कि सब महा पुरुषों ने अहिंसा की बात की, डर मिटाने की बात की और कहा कि डरो मत, डराओ मत। अभय मुद्रा का मतलब है कि डरो नहीं। उन्होंने कहा, जब अन्य चित्र दिखाये जाते हैं तो भगवान शिव के चित्र को दिखाने में दिक्कत क्या है। शिव शक्ति है और त्रिशूल शक्ति का प्रतीक है और शिवजी का त्रिशूल अहिंसा का प्रतीक है, लेकिन जो लोग खुद के हिन्दू होने का दावा करते हैं वे हिंसा करते हैं और नफरत फैलाते हैं। अहिंसा हमारा प्रतीक है। इस पर सत्तापक्ष के सदस्य खड़े हो गये और हंगामा करने लगे। श्री गांधी ने कहा, तीर दिल में जा कर लगा है इसलिए ये चिल्ला रहे हैं। मोदी ने इस पर हस्तक्षेप किया और कहा कि विपक्ष के नेता ने पूरे हिन्दू समाज पर हिंसक होने का आरोप गंभीर विषय है। गांधी ने स्पष्ट किया कि केवल भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ही पूरा हिन्दू समाज नहीं है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि पूरे हिन्दू समाज को हिंसक नहीं कहा जा सकता है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष के नेता हिंसा की बात करते हैं और संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को हिंसा को किसी धर्म से जोड़ना गलत है। उन्होंने आपातकाल और दिल्ली में सिख दंगों की भी याद दिलायी और इस पर विपक्ष के नेता से पूरे देश से माफी मांगने की बात कही। उन्होंने कहा सदन में नियमों का पालन होना चाहिए। भाजपा के निशिकांत दुबे ने कहा कि संविधान में किसी धर्म पर हमले की इजाजत नहीं है, इसलिये विपक्ष के नेता को माफी मांगनी चाहिये। हंगामे के बीच अध्यक्ष बिरला ने कहा कि सदन की गरिमा रही है, इसलिये बोलते समय गरिमामय शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिये। विपक्ष के नेता से अपेक्षा है कि वह संयमित होकर बोलें, किसी धर्म पर हस्तक्षेप नहीं करें और आसन पर माइक बंद करने का आरोप लगाना ठीक नहीं है।

### 24 घंटे डर फैला रही भाजपा

गांधी ने कहा, हिन्दू कभी नफरत और हिंसा नहीं करता, लेकिन भाजपा 24 घंटे हर समय डर फैला रही है और हिंसा तथा नफरत को बढ़ावा दे रही है। गांधी ने अयोध्या का उल्लेख करते हुए कहा कि इस चुनाव में अयोध्या ने भाजपा को एक संदेश दिया है। उन्होंने फैजाबाद सीट से निर्वाचित अवधेश पासी से हाथ मिलाते हुए कहा कि अयोध्या के लोगों को भयभीत किया गया। अयोध्या के गरीब नागरिकों के घर दुकानें तोड़ी गयीं और उनको कोई मुआवजा नहीं दिया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में गरीब अयोध्या वासियों को पास भी नहीं आने दिया गया और अडानी अंबानी जैसे धनाढ्य लोगों को बुलाया गया था। इसी से चुनाव में अयोध्या ने यह संदेश दिया है। गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर दावा किया कि उनकी टीम ने दो बार इस बात का सर्वेक्षण कराया था कि क्या वह अयोध्या से चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन उनके सलाहकारों ने बताया कि अयोध्या में मोदी हार सकते हैं। इसलिये वह वापस वाराणसी गये, जहां किसी तरह से बच के निकले हैं। उन्होंने अयोध्या की जनता को डराया, देश की जनता को डराया। नेता प्रतिपक्ष ने मोदी पर भी हमला किया और कहा, मोदी का सीधा परमात्मा से कनेक्शन है और उन्होंने एक इंटरव्यू में स्वयं को नॉन बॉयोलॉजिकल बताया है। लेकिन उनको लगता है कि गांधीजी मर चुके थे और उनके बारे में देश को जानकारी गांधी फिल्म से मिली। गांधी ने सत्ता पक्ष पर आरोप लगाया कि उसने अग्निवीर योजना लाकर देश की सीमाओं को खतरे में डाल दिया है और देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। अग्निवीर के मारे जाने पर शहीद का दर्जा नहीं मिलता है और न ही कोई पेंशन या मुआवजा मिलता है। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनके आरापों को गलत बताया और कहा कि अग्निवीर जैसी योजना अमेरिका एवं ब्रिटेन में भी चलती है। भारत में 158 संगठनों से परामर्श करके लाया गया है और अग्निवीर के शहीद होने पर परिजनों को एक करोड़ रुपये दिये जाते हैं। बेरोजगारी के मुद्दे पर गांधी ने कहा कि एमएसएमई को ठप कर दिया। आयकर, जीएसटी, आदि छोटे कारोबारियों को खत्म करके अरबपतियों को मदद करने का काम किया गया है। इसीलिये, नोटबंदी की गयी। उन्होंने कहा कि इस बार गुजरात के विधानसभा चुनाव में हम भाजपा को हरायेंगे। नीट की परीक्षायें भी अमीर बच्चों के लिये है। गरीब प्रतिभाशाली बच्चों के लिये कुछ नहीं है। कृषि नीति को लेकर गांधी ने सरकार पर तीखा हमला किया और कहा कि किसानों को सड़कों पर लाने का काम भाजपा सरकार ने किया है। किसान सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य की वैधानिक गारंटी मांग रहे थे, लेकिन सरकार किसानों को आतंकवादी कह रही है। इस कारण किसानों को आंदोलन करना पड़ा। किसानों के लिए काले कानून बनाये जिसका जबरदस्त विरोध हुआ तो दबाव में यह कानून वापस लेना पड़ा। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर गांधी के आरोपों को खारिज किया और कहा कि वह गलत बोल रहे हैं। किसानों को एमएसपी दिया जा रहा है, जबकि गांधी गलत दावा कर रहे हैं। उन्होंने अल्पसंख्यकों पर हमले का मुद्दा उठाया तो सत्ता पक्ष की तरफ से हंगामा शुरू हो गया जिस पर अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष के नेता को नियमों का पालन करना चाहिये। उनका कहना था कि सदन के नियम सदस्यों ने ही बनाये हैं और उनका पालन किया जाना आवश्यक है। अध्यक्ष ने नियमों का हवाला दिया और कहा कि प्रतिपक्ष के नेता को नियमों का पालन करना चाहिये।

**मुख्यमंत्री ने जमशेदपुर में ब्रहमानन्दम अस्पताल का किया उद्घाटन**

## बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिले : चम्पाई

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सोमवार को कागल नगर, सोनारी स्थित ब्रह्मानंदम अस्पताल का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य जीवन में अस्पताल की काफी महत्ता है। अस्पताल का खुलना सराहनीय प्रयास है। बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिलेगी तभी लोग स्वस्थ रहेंगे। ब्रह्मानंदम अस्पताल पहले से ही सरायकेला-खरसांवा जिले में अपनी सेवा दे रहा है। जमशेदपुर के शहरी क्षेत्र में इस अस्पताल के खुलने



से अब यहां के लोग लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रबंधन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने विश्वास जताया कि अस्पताल प्रबंधन गरीब-जरूरतमंद मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में चिकित्सा व्यवस्था के गुणात्मक सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। यहां के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मुहैया करायी जा सके यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है। स्वस्थ एवं निरोगी समाज से ही समृद्ध एवं विकसित राज्य की परिकल्पना पूरी की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित अस्पताल के ओटी, चाइल्ड केयर यूनिट (एनआईसीयू ), महिला-पुरुष वार्ड सहित अन्य चिकित्सीय सुविधाओं का अवलोकन भी किया। इस दौरान स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक सविता महतो, विधायक रामदास सोरेन, राज्य गोसेवा आयोग के अध्यक्ष राजू गिरी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, जिला के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## लातेहार में चार नक्सली गिरफ्तार

**लातेहार।** पुलिस ने छिपादोहर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर नक्सली संगठन जेजेएमपी के चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों की पहचान छिपादोहर थाना क्षेत्र निवासी बीतन लोहरा, गुड्डू लोहरा, लखन लोहरा और बरवाडीह थाना क्षेत्र निवासी वीरेंद्र सिंह के रूप में हुई। इनके पास से पुलिस ने दो देसी बंदूक और आठ गोली समेत अन्य सामग्री बरामद किया है। डीएसपी वेंकटेश प्रसाद ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि रविवार की रात लातेहार एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी के नक्सली व्यवसाईयों से रंगदारी वसूलने छिपादोहर की ओर आ रहे हैं।



एसपी के निर्देश पर नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने टीम बनाकर छिपादोहर थाना क्षेत्र के बाघटोला के पास नाका लगाकर छापेमारी आरंभ की। इसी दौरान तीन मोटरसाइकिल पर पांच लोग संदिग्ध अवस्था में आते दिखे। पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल सवार भगाने का प्रयास करने लगे लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर चारों को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक व्यक्ति भागने में सफल रहा। उनके पास से दो देसी बंदूक और आठ गोली बरामद हुई। इसके बाद सभी नक्सलियों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। थाना में पूछताछ के दौरान गिरफ्तार नक्सलियों ने पुलिस को बताया कि वे लोग व्यवसाईयों से रंगदारी वसूलने छिपादोहर आ रहे थे।



# सुंडीपुर जाने वाली बायीं नहर टूट जाने से 22 बिघा जमीन जलमग्न

बंशीधर न्यूज

**कांडी :** भीम बराज से सुंडीपुर जाने वाली बाईं मुख्य नहर टूट जाने से लगभग 22 बिघा जमीन जलमग्न हो गया। जानकारी के अनुसार शनिवार को कोयल नदी भीम बराज में पानी आया और पानी जमाव होने के बाद किसानों में खुशी देखी गई। रविवार को बाईं मुख्य नहर में पानी भी छोड़ा गया। ताकि किसान धान का बीज बो सकें। जिससे कांडी क्षेत्र के किसान में दोगुना खुशी हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिरो से लेकर 3 किलोमीटर तक निमार्णाधीन नहर में कार्य नहीं होने के कारण कहीं कहीं काफी झाड़ी हो चुका है। और सुखे स्थान (झलांस) लगने के कारण नहर जाम हो गया और नहर के गेट खुलने के महज कुछ ही घंटे के बाद रविवार की रात्रि में भीम बराज से लगभग दो सौ मीटर की दूरी पर लगभग दस फीट की दुरी में नहर टुट गया। कांडी प्रखंड क्षेत्र के भंडरिया गांव के लगभग 18 बिघा और मझिआंव प्रखंड क्षेत्र के मोरबे गांव के लगभग 4 बिघा जमीन डूब कर जलमग्न हो गया। जानकारी के अनुसार नहर निर्माण कार्य लगभग चार वर्षों से किया जा रहा है लेकिन अभी तक अधुरा है। जिस कारण भंडरिया से सुंडीपुर तक के किसानों को इस तरह के समस्याओं से निरंतर जुझना पड़ रहा है। भंडरिया एवं मोरबे के किसान रामयश सिंह, प्रवेश सिंह, महेन्द्र सिंह, राजेंद्र सिंह,प्रभु सिंह,मंगरू रजवार, नंदलाल रजवार सहित अन्य किसानों एवं बटईदारों ने कहा कि नहर निर्माण कार्य अधुरा रहने और साईफन नहीं बनने के कारण प्रत्येक वर्ष हम सभी किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। पिछले दो वर्ष पूर्व भी नहर टुटने और पिछले वर्ष भी वर्षा के पानी का जल जमाव होने के कारण धान का फसल डुब चुका था। जिससे काफी फसल का नुकसान हो गया था। लोगों ने कहा कि अगर साईफन और नहर बन गया होता तो आज यह नौबत नहीं होता। नहर टुट जाने से भंडरिया से सुंडीपुर तक के किसानों को पानी मिलने का उम्मीद नहीं दिख रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर नहर विभाग के जेई हेमंत कुमार ने बताया कि नहर टुटने की जानकारी मिली है और जल्द ही उसे रिपेयर किया जायेगा।

## न्यूज अपडेट्स

### शिक्षक अभिभावक गोष्ठी में बच्चों के विकास पर हुई चर्चा

**मेराल :** बंका रोड गोंदा में अवस्थित एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्डेन स्कूल में सोमवार को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित होकर अपने बच्चों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त किये तथा प्रगति को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने कहा कि आज के दौर में बच्चों की प्रगति आदर्श जीवन की अत्यंत आवश्यकता है। बच्चों के लिये दिनचर्या का समुचित पालन करना उतना ही जरूरी है जितना विद्यालय जाना। बच्चों के लिये माता पिता, शिक्षक एवं समाज मार्गदर्शक होते हैं। हम सभी को अपने उत्तरदायित्व एवम आदर्श से बच्चों के मन को भावित करना होगा। अन्यथा हमारे बच्चे मोबाईल एवं गलत संगति का शिकार होकर दिशाहीन हो सकते हैं। बच्चों के कोमल मन को माता पिता के प्यार से आत्मविश्वास बढ़ता है तथा वे बेहतर करने के लिये प्रेरित होते हैं। बैठक में मुख्य रूप से निवास सिंह, अमर नाथ पांडेय, करण कुमार कौशल, अख्तर, माया देवी, संगीता देवी, जितेंद्र साव, मनोज राम, सिदेश्वर कुमार, मनोज रजक, सुरेंद्र यादव, गोविंद कुमार, शतरंज शाह, अमानत अंसारी, संजय गुप्ता, पनपती कुमारी, रामाशीष राम, आबिद अंसारी, अखिलेश्वर मिश्र सहित कई अभिभावक थे।

## शुभारंभ — गांवों में भी देंगे आधुनिक सुविधाएं : मिथिलेश ठाकुर

# 82 हाइमास्ट लाइट शुरू

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** गढ़वा के ग्रामीण क्षेत्र भी अब हाईमास्ट लाईट से जगमग हो गये हैं। गढ़वा विधायक सह झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने ग्रामीण क्षेत्रों में लगे 82 हाईमास्ट लाइई की पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़ कर व स्विच ऑन कर उद्घाटन किया। गढ़वा प्रखंड के कोरवाडीह गांव स्थित ओलायत मोड़ पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री ठाकुर ने विधायक निधि से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों गढ़वा, मेराल, रंका, चिनियां व रमकंडा के विभिन्न गांवों में लगे हाईमास्ट लाईट का उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा के सभी गांव भी अब मूलभूत सुविधाओं सहित आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे। सभी गांव में मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क आदि उपलब्ध हो गई है। अब ग्रामीण क्षेत्रों का भी आधुनिकीकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 82 हाईमास्ट लाईट लगाया गया है। शेष बचे गांवों में भी यथाशीघ्र आवश्यकतानुसार हाईमास्ट लाईट लगाया जायेगा, इसकी प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में उन्होंने गढ़वा के चप्पे-चप्पे में विकास की रोशनी पहुंचा दिया है। आज से साढ़े चार वर्ष पूर्व गढ़वा की स्थिति काफी बदतर थी। अब पुरी तरह से सभी गांव, सभी टोले को बिजली, सड़क, शुद्ध पेयजल से जोड़ दिया गया है। चिकित्सा एवं शिक्षा की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। शेष बचे क्षेत्रों में विकास कार्य तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। पूरे गढ़वा का ब्लू प्रिंट तैयार कर सुनियोजित तरीके से विकास कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि उनका एकमात्र उद्देश्य है कि गढ़वा का कोई भी गांव, कोई भी टोला मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, दीपमाला, कोरवाडीह मुखिया शरीफ अंसारी, नवीन तिवारी, फुजैल अहमद, मुजीबुर रहमान, अरविंद यादव, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में अनियमितता

**रमना :** एनएच–75 गुलरही बांध से बाबुडीह वीर कुंवर सिलीदाग पंचायत सचिवालय होते हुये रवीन्द्र सिंह के घर तक करीब 3 किमी सड़क का विशेष मरम्मती कार्य दो करोड़ 55 लाख 345 रुपए की लागत से हो रहा है। इस विशेष सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास लोकसभा चुनाव से पूर्व 16 जनवरी 2024 को सांसद और विधायक द्वारा किया गया था। जिसका कार्य लोक सभा चुनाव से पूर्व ही प्रारम्भ हो गया था। कार्य प्रारम्भ के पांच माह बीत गया परन्तु इस करोड़ों की लागत से हो रही विशेष सड़क मरम्मती कार्य का संवेदक द्वारा कही पर भी योजना विवरणी पट अभी तक नही लगाया गया है, जो योजना क्रियान्वयन के विरुद्ध है, कोई भी सरकारी योजना प्रारम्भ करने से पहले योजना कार्य विवरणी लगाना अनिवार्य है। लेकिन इस करोड़ों की लागत से बन रही सड़क में कार्य विवरणी पट संवेदक द्वारा नही लगाया गया है जो सरकारी कार्य योजना के विरुद्ध है। इस प्रकार हो रहे कार्य का अभी तक कोई अधिकारी को खबर कैसे नही हुआ या इनकी मिलीभगत से ही संवेदक द्वारा नियमों का खुलेआम धज्जियां उड़ाया जा रहा है। संवेदक द्वारा योजना विवरणी पट इसलिये नहीं लगाया गया कि ग्रामीणों को इस विशेष सड़क निर्माण कार्य की कोई जानकारी नहीं हो सके और जैसे–तैसे सड़क मरम्मती का कार्य कर अपनी जेब भर लिया जाय।

### युवक की चाकू से गोद कर हत्या

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर नगर टाउन थाना क्षेत्र के नावाहाता में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई है। स्थानीय लोगों ने युवक को तड़पता देख। इसके बाद मामले की सूचना घायल युवक के परिजनों व पुलिस को दी। इसके बाद उसे स्थानीय एमएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना युवक के घर से कुछ ही दूरी पर हुई है। वहीं पुलिस ने घटना के बाद एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार मृतक सागर डोम रविवार की रात अपने घर में था। कुछ दोस्त आये और उसे अपने साथ ले गये। बाद में एक शौचालय के पास सागर डोम की चाकुओं से गोद कर हत्या कर दी गई। टाउन थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि प्रेम प्रसंग में हत्या को अंजाम दिया गया है। सागर का चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटांड निवासी एक लड़की के साथ प्रेम संबंध था। इसी प्रेम संबंध में उसकी हत्या की आशंका जाहिर की गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### झोलाछाप डॉक्टर की नर्स ने की हत्या

**मेदिनीनगर :** छतरपुर थाना क्षेत्र के बारा गांव में एक झोलाछाप डॉक्टर अनुज कुमार यादव की एक नर्स ने हत्या कर दी है। डॉक्टर की हत्या करने के बाद वह भाग गई थी। उसे पुलिस ने डाल्टनगंज शहर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। झोलाछाप डॉक्टर और नर्स शादीशुदा थे और दोनों एक–दूसरे से प्रेम करते थे तथा पति–पत्नी की तरह एक साथ छतरपुर में रहा करते थे। मृतक अनुज कुमार यादव नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ललगड़ा का रहने वाला था, जबकि हत्या आरोपी चैनपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि डॉक्टर का शव फर्श पर पड़ा हुआ था और गाल में गमछा लपेटा हुआ है। पुलिस को घटना संदिग्ध लगी और इसके बाद अनुसंधान शुरू किया तो पता लगा कि डॉक्टर की हत्या की गई है। इसके बाद नर्स पत्नी का नाम सामने आने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि आरोपी नर्स को मेदिनीनगर के इलाके से गिरफ्तार किया गया है। नर्स ने ही झोलाछाप डॉक्टर की हत्या की है। प्रेम प्रसंग में घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस पूरे मामले में जांच कर रही है।

### पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**भवनाथपुर :** श्रीराम सेना के कार्यकताओं ने सोमवार को भवनाथपुर टाउनशिप मुख्य मार्ग पर देवीधाम से लेकर बस्ती मोड़ तक मुख्य पथ के दोनों तरफ पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर श्रीराम सेना के अध्यक्ष गौरव कुमार सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। पेड़ स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक है। स्वैच्छिक रूप से पौधरोपण कर अभियान को सफल करने का आह्वान किया और साथ ही जोर दिया की पौधों को लगाने के साथ–साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी।

### आलोक चौरसिया ने हिमंत विश्व सरमा को दिया डालटनगंज आने का नेवता

**मेदिनीनगर :** डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया रांची में झारखंड विधानसभा चुनाव के बनाये गये उप केन्द्रीय प्रभारी व असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व सरमा से मुलाकात की और डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र का कुशल क्षेम बताया और उन्हें डालटनगंज आने का नेवता दिया है, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार करते हुये डालटनगंज आने का वायदा किया। असम के मुख्यमंत्री ने विधायक से कहा कि वर्तमान में झारखंड की झामुमो सरकार जनहित से ज्यादा अपना थैली भरो अभियान हित में काम कर रही हैं। नतीजतन झारखंड को इन पांच सालों में अपार क्षति हुई है।

### विधायक रामचन्द्र चन्द्रवंशी ने किया पार्क का उद्घाटन

बंशीधर न्यूज



**मझिआंव :** विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी ने सोमवार को मझिआंव नगर पंचायत स्थित कोयल नदी के तट पर 19 लाख रुपये की लागत राशि से बने पम्पू कल पार्क का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगर पालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्री चंद्रवंशी ने कहा कि मझिआंव नगर पंचायत के काम से काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि यह उनके द्वारा बनाया गया नगर पंचायत है, जहां प्रत्येक वर्ष पांच करोड़ रुपये से अधिक का विकास कार्य हो रहा है। जबकि पहले जब यह केवल पंचायत था तब विकास के लिये मुश्किल से एक करोड़ ही मिल पाता था। विधायक ने कहा कि मझिआंव अनुमंडल बनने के अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि बकोइया आमर के मध्य में कोयल नदी पर वे एक और पुल बनवाने जा रहे हैं, स्थल का चयन किया जा रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र में चहुंमुखी विकास के लिये उन्होंने विकास कार्यों की एक सूची कार्यपालक पदाधिकारी को दिये हैं, जिसपर क्रमशः काम हो रहा है। उन्होंने संसदीय चुनाव में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को 50 हजार 400 से अधिक वोट देने पर क्षेत्र के लोगों को बधाई दी। मौके पर जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (भारत सरकार) के सदस्य भोला चंद्रवंशी, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, निवर्तमान उपाध्यक्ष सुनीता देवी, सांसद प्रतिनिधि शोभा जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी, वीरेन्द्र नाथ दुबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

### विजेता बनी लोहरगड़ा टीम

**भवनाथपुर :** युवा शक्ति क्लब के तत्वावधान में प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित युवा शक्ति अंतराज्यीय कॉस्को नाईट क्रिकेट टूनार्मेंट का फाईनल मैच रविवार की रात्रि में खेला गया। मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, दीपक देव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। फाईनल मैच डिजनी 11 भवनाथपुर क्रिकेट क्लब और लोहरगड़ा क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर डिजनी 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 50 रन बनाये। लोहरगड़ा टीम ने 5 ओवर मे 2 विकेट खोकर 54 रन बना कर मैच जीत लिया। प्लेयर ऑफ द मैच एवं प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार लोहरगड़ा टीम के वासिक को दिया गया। टूनार्मेंट के विजेता लोहरगड़ा टीम को 41 हजार रुपया एवं ट्रॉफी हीरो शो रूम के प्रो मनीष कुमार ने दिया। उपविजेता डिजनी 11 भवनाथपुर टीम को 21 हजार रुपया एवं ट्रॉफी क्लब के अध्यक्ष दीपक वर्मा ने दिया। मैच के अंपायर की भूमिका चंचल कुमार एवं प्रदीप विश्वकर्मा, स्कोरर की भूमिका नीतीश कुमार, कमेंटेटर की भूमिका सिद्धार्थ सिंह, रमेश कुमार, निशांक मिश्रा ने निभाई।

## मवेशी पर किया तलवार से हमला एवं इलाज कर रहे युवक की पिटाई कर सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश

# आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** जिला मुख्यालय के मझिआंव मोड़ के निकट उर्स की रात एक विशेष समुदाय के कुछ मनबढ़े युवकों द्वारा जुलूस के दौरान एक पशु पर तलवार से हमला कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मौके पर मौजूद कुछ स्थानीय युवकों ने जब इसका विरोध किया तो उनके साथ भी विशेष समुदाय की भीड़ ने मारपीट की। जिससे एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटी हुई है। इस घटना के विरोध में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने धरना प्रदर्शन किया एवं प्रशासन से त्वरित कार्रवाई करने की मांग की। वहीं एसपी दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि पशु पर हमला नहीं बल्कि दूसरे कारणों से घायल हुआ है। बताते चलें कि गढ़वा जिला मुख्यालय के पुरानी बाजार स्थित हजरत मलंग शाह दाता के मजार के पास 30 जून को सालाना उर्स का कार्यक्रम था। इसके लिये प्रत्येक वर्ष एक जुलूस निकाला जाता है। उसी जुलूस में मौजूद कुछ शरारती तत्वों द्वारा मझिआंव मोड़ पर खड़े एक बैल पर तलवार और बोतल से हमला कर जख्मी कर दिया गया। मौके पर मौजूद दूसरे समुदाय के कुछ युवकों ने पशु की चीखने की आवाज सुनी। देखा की पशु घायल है। उसे इलाज की जरूरत है। वे उसका प्राथमिक इलाज करने लगे। तभी भीड़ से निकल कर आये कुछ युवकों द्वारा इलाज कर रहे दूसरे समुदाय के युवकों पर हमला कर दिया गया। तीन युवकों ने वहां से भागकर किसी तरह अपनी जान बचायी। जबकि एक युवक वहां से भागने में असफल रहा। उस युवक को भीड़ ने बुरी तरह से पीटा। भीड़ में शामिल युवकों को जब पता चला कि पुलिस आ रही है तब वहां से वे भागे। घटनास्थल पर पुलिस पहुंची एवं घायल युवक को इलाज के लिये सदर अस्पताल मे भर्ती कराया। उधर घटना की जानकारी मिलते ही शहर के लोग आक्रोशित हो गये। उनके द्वारा मझिआंव मोड़ पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया गया। वहीं आरोपियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की मांग की गई।

**विश्व हिंदू परिषद ने की हमलावारों की गिरफ्तारी की मांग :** इस घटना के विरोध में सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में हिंदू समाज ने विरोध मार्च निकाला। जो शहर के मुख्य चौक-चौराहां से होते हुये समाहरणालय पहुंचा। वहां आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर जमकर नारेबाजी की गई। वे वहां घंटों अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे। इस संप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाली घटना को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने आम लोगों ने साथ एक बैठक भी की।

### भाजपा : कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का निर्णय

बंशीधर न्यूज

**कांडी :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सूर्य मंदिर के प्रांगण में सोमवार को भाजपा कार्यकताओं की एक बैठक रामनरेश साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकताओं द्वारा लोकसभा चुनाव में पलामू संसदीय क्षेत्र से विष्णु दयाल राम को प्रचंड मतों से विजई होने पर कांडी के लोगों के प्रति आभार प्रगट किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वैसे मतदान केंद्र जहां पर भाजपा प्रत्याशी को अधिक मतदान प्राप्त हुआ है वैसे मतदान केंद्रों पर कार्यकताओं को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय ने कहा कि भाजपा में वंशवाद नहीं चलता है। हम वंशवाद के विरोधी हैं। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से योग्य और कर्मठ प्रत्याशी की जरूरत है, जो गरीबी बेरोजगारी भ्रष्टाचार को दूर करे। जो जात पात से दूर रहकर विकास की बात करे। बृजेंद्र पाठक ने कहा कि वैसे लोगों को इस क्षेत्र में विधायक का चुनाव वंशवाद करने वाले लोगों विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से हटा दिया जायेगा। यह क्षेत्र किसी की विरासत नहीं है कि अपने बाद अपने पुत्र को उत्तराधिकारी बना दिया जाता है। मौके पर सीएस दुबे, विजय रविदास, नरेंद्र कुमार पांडेय, विभाकर नारायण पांडेय, जितेंद्र सिंह, विनय चंद्रवंशी, पुष्प रंजन, प्रमोद त्रिपाठी, विनोद चौधरी, कृष्ण मुरारी सिंह, सचित्र सिंह, विनोद प्रसाद, राजेंद्र पांडेय, मुंशी प्रसाद, पप्पू सिंह, विनोद ओझा आदि मौजूद थे।

# निर्माणाधीन मुख्य सड़क में हाईड्रा की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत, सड़क जाम



बंशीधर न्यूज

**धुरकी :** प्रखंड मुख्यालय के समीप टाटीदीरी गांव निवासी 75 वर्षीय चटपटी साह उर्फ महेश साह की दर्दनाक मौत हाईड्रा की चपेट में आने से हो गई। घटना सोमवार की दोपहर 12 बजे की है। जानकारी के अनुसार चटपटी साह बोरी में चावल लेकर धुरकी बाजार से अपने गांव बाईक से सवार होकर जा रहे थे। तभी अचानक सड़क में कार्य कर रहा हाईड्रा बैक कर पीछे की ओर आ रहा था इसी दौरान चटपटी साह हाईड्रा की चपेट में आ गये। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। देखते ही देखते काफी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई। जहां स्थानीय ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। घटनास्थल पर थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने मृतक के परिजनों को ढांढस बनाया। उन्होंने कहा कि सरकारी प्रावधान के तहत जो भी सहायता राशि है, उसे संवेदक द्वारा दिलाया जायेगा। आपके इस दुख में हम सभी पुलिस प्रशासन आपके साथ हैं। हालांकि एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह और पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, दीपक प्रताप देव के आश्वासन देने एवं कंपनी की ओर से डेढ़ लाख रुपये नगद साढ़े तीन लाख रुपये का चेक मृतक के परिजनों को देने के बाद ग्रामीणों ने शव को उठाने दिया। शव को अंत्यपरीक्षण के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया। मौके पर मुक्तेश्वर पांडेय, विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव सहित बड़ी लोग मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### तीन लुटेर 50 लाख रुपये की सोने और चांदी की झोला ले भागे

**छतरपुर :** छतरपुर थाना से महज 300 मीटर की दूरी पर मुख्य बाजार स्थित बृजबिहारी सोनी के ज्वेलर्स की दुकान से अज्ञात तीन लुटेरों ने 50 लाख रुपये की सोने और चांदी की रखे हुये झोला को ले कर भागा गया। ज्वेलर दुकानदार ब्रिज बिहारी सोनी ने छतरपुर थाना में लिखित आवेदन देकर जानकारी दिया है कि रविवार की संध्या 7:13 अपनी दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी में झोला बाहर रख कर दुकान के संटर लगा रहे थे। इसी बीच बिना नंबर के एक बुलु अपाची से तीन चोर आये। एक ने उत्तर कर झोला में रखे आभूषण, तिजोरी का चाभी, गोदरेज का चाभी लेकर भाग गये। पीछा किया गया लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद इधर-उधर काफी तलाश की। लेकिन कोई पता नहीं चल सका जिसके बाद उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज देखा तो एक सफेद टी शर्ट पहना हुआ था। छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम ने बताया कि लुटरे बहुत जल्द गिरफ्तर होंगे। पिछले एक सप्ताह में छतरपुर में लगातार लूट की घटना को अंजाम दिया है। 23 जून को जपला रोड स्थित ऊंटवा नल के समीप एक ज्वेलर्स दुकान के दुकानदार को हथियार का भय दिखा कर उसकी बाईक रुकवा कर उससे जो रात से लूट लिये। जिसमें 5 लख रुपये की आभूषण था। दूसरा घटना छतरपुर वन विभाग के चेक नाका के समीप लकड़ाही निवासी रामविलास मिस्त्री से 79000 की लूट कर अज्ञात चोर भाग गये थे। एक हफ्ता के अंदर यह तीसरी घटना घटी है।

## विरोध ▶ शिक्षक के तबादले का विरोध, श्री बंशीधर नगर में आंदोलन

# छात्राओं ने की सड़क जाम

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** अंबा लाल पटेल गर्ल्स हाईस्कूल की छात्राओं ने सोमवार को विद्यालय के शिक्षक प्रकाशचंद सोनी की प्रतिनियुक्ति रमकंडा किये जाने के विरोध में विद्यालय के मुख्य गेट के सामने एनएच 75 को जाम कर दिया। भारी बारिश के बीच दर्जनों छात्राओं ने सुबह 9 से 11 बजे दो घंटे तक सड़क को जाम रखा। सड़क जाम के दौरान छात्राएं हाथ में प्रकाशचन्द्र सोनी के समर्थन में लिखा हुआ तख्ती ली थी एवं नारेबाजी कर रही थी। सड़क जाम की सूचना मिलने के बाद बीडीओ अदिती गुप्ता एवं सीओ विकास कुमार सिंह ने जामस्थल पर पहुंच कर छात्राओं को समझाया एवं विद्यालय के अंदर वातार्लाप करने की बात पर जाम समाप्त हुआ। जाम कर रही छात्राओं ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक प्रकाशचन्द्र सोनी पर जो आरोप लगाकर विद्यालय से हटाया गया है वह पूरी तरह गलत है। छात्राओं ने बताया की शिक्षक सोनी विद्यालय में अच्छा शिक्षा देते थे। साथ ही उनका व्यवहार भी अच्छा था लेकिन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा उन पर गलत आरोप लगाया गया है।छात्राओं ने कहा कि प्रकाशचंद्र सोनी काफी अच्छे शिक्षक हैं, वे स्कूल में गलत कामों का विरोध करते थे। जिस कारण उनको गलत तरीके से फंसाया गया है। उन पर लगा सभी आरोप गलत है, उनकी प्रतिनियुक्ति दूसरे स्कूल में कर दी गई है जिसके कारण स्कूल में शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। उनकी प्रतिनियुक्ति तत्काल रद्द किया जाय। बीडीओ एवं सीओ ने छात्राओं से बातचीत के दौरान कहा कि सभी मामलों की जांच की जायेगी। जांच के बाद जो दोषी होंगे उनपर कार्रवाई की जायेगी।







### सड़क जाम से आवागमन बाधित

छात्राओं के द्वारा शिक्षक की प्रतिनियुक्ति के विरोध में की गई सड़क जाम के कारण आवागमन पूरी तरह से बाधित रहा। जाम स्थल के दोनों ओर गाड़ियों कि लंबी कतार लग गई। कई किलोमीटर में गाड़ियों की लाईन लगी थी। आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक सहित अन्य पुलिस बल के जवान जाम खत्म कराने में लगे रहे।





### क्या कहती हैं प्रधानाध्यापिका

इस संबंध में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सविता गुप्ता ने कहा कि प्रकाशचंद्र सोनी के इशारे पर कुछ छात्राएं ऐसा कर रही हैं। प्रकाशचन्द्र सोनी जब स्कूल में थे तो वह लड़कियों के साथ गलत व्यवहार करते थे। छात्राओं से अश्लील बातें करते थे, वीडियो फोटो बनाते थे तथा स्कूल में मनमानी करते थे। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी से की गई थी। इसके बाद उनकी प्रतिनियुक्ति तीन महीने के लिये रमकंडा हाईस्कूल में कर दी गई है। वहीं से वे अन्य छात्राओं के साथ संपर्क में रहकर उकसाने का काम कर रहे हैं। आज भी जामस्थल पर मझिआंव से उनके भाई सहित अन्य लोग आकर बच्चियों को उकसाने का काम कर रहे थे।

### क्या कहते हैं शिक्षक प्रकाशचंद्र

इस संबंध में शिक्षक प्रकाशचंद्र सोनी ने कहा की मेरे ऊपर लगा सभी आरोप गलत है। स्कूल में प्रिंसिपल टीसी काटने के लिये पैसा लेती थी, जिसका मैं विरोध करता था। जिस कारण मेरे ऊपर गलत आरोप लगाया गया है। अभी मैं रमकंडा में हूं कैसे सड़क जाम करवा सकता हूं।

### विभागीय टीम ने की मामले की जांच

डीईओ के द्वारा गठित जांच टीम ने स्कूल पहुंच कर पूरे मामले की जांच की। स्कूल में अध्ययनरत सभी छात्राओं से बारी से बात करते हुये बयान कलमबद्ध किया। जांच टीम में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, गढ़वा के क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी रंभा चौबे सहित अन्य सदस्य थे। जांच के बाद टीम के सदस्यों ने कहा की मामले की जांच की गई है। जांच रिपोर्ट जिला शिक्षा पदाधिकारी को सौंपा जायेगा। स्कूल में शैक्षणिक माहौल खराब ना हो इसके लिये सभी कर्मियों को निर्देशित किया गया है।

## पलामू सांसद वीडी राम ने लोकसभा में उठाया मुद्दा

# भूमि नहीं मिलने से अधर में है सोलर पार्क

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** लोकसभा में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नियम 377 के तहत झारखंड राज्य में विकास कार्यो के लिये भूमि उपल्बध नहीं होने के कारण केन्द्र सरकार द्वारा दो वर्ष पहले पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिला पलामू एवं गढ़वा में 20-20 मेगावाट का सोलर पार्क बनाने की स्वीकृत योजना का निर्माण नही होने से संबंधित मामले को उठाया। सदन में सांसद श्री राम ने कहा कि झारखंड का 33 प्रतिशत भू-भाग वनों से अच्छादित है। फलस्वरूप विकास कार्यो के लिये भूमि की उपलब्धता नगण्य है। अधिकांश भूमि 1930 के सर्वे के अनुसार जंगल या झाड़ी के रूप में चिन्हित है। 100 वर्ष पूर्व के सर्वे के आधार पर वह भूमि आज भी जंगल-झाड़ से अच्छादित दिखाई जा रही है, परन्तु उक्त जमीन पर वर्तमान में एक भी पेड़ नहीं है। विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिये वैसी भूमि के लिये भी



फॉरेस्ट क्लीयरेंस की सारी प्रक्रिया अपनानी होती है। आज करीब दो वर्ष पूर्व केन्द्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने पलामू एवं गढ़वा जिला में 20-20 मेगावाट का सोलर पार्क बनाने की स्वीकृति प्रदान की थी और उसके लिये 100-100 एकड़ भूमि की आवश्कता बतलायी थी, परंतु जिला प्रशासन ने जिस भूमि को चिन्हित किया वह जंगल-झाड़ वाली भूमि निकल गयी। परिणामस्वरूप सोलर पार्क बनाने की योजना अधर में लटक कर रह गयी है।सांसद श्री राम ने कहा कि आपके माध्यम से केन्द्र सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से अनुरोध है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को संशोधित करने के लिये भारत सरकार पुनर्विचार याचिका दाखिल करने पर विचार करे या वन अधिनियम 1980 के प्रावधानों में परिवर्तन कर ऐसी जमीन जिसकी प्रकृति बदल गयी है उसे जंगल झाड़ की परिधि से बाहर निकाल दें। इस बीच राज्य सरकार को यह एडवाईजरी निर्गत किया जाय कि वही फॉरेस्ट क्लीयरेंस की सारी प्रक्रिया पूरी कर 100-100 एकड़ भूमि पलामू एवं गढ़वा जिला में उपलब्ध करायें ताकि वहाँ पर सोलर पार्क स्थापित हो सके। उक्त जानकारी पलामू सांसद निजी सचिव अलख दूबे ने दी।

# डैम में डूबने से किशोर की मौत

**मझिआंव :** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरसोता के पच्छेयारा टोला निवासी शेषनाथ यादव के 12 वर्षीय पुत्र रितेश यादव की डैम में डूबने से मौत हो गई। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार रितेश गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कक्षा चार में पढ़ता था। गर्मी की छुट्टी के दौरान रितेश केतार थाना क्षेत्र के कवलदाग गांव में अपने मामा के यहां से सोमवार को ही आया था। उसके बाद अपने साथी के साथ कांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत पखनाहा डैम की ओर चला गया और नहाने लगा। इस दौरान वह डूबने



लगा तो उसे बचाने के लिये उपस्थित लोग डैम में गये और बचाने का प्रयास किया। उसके बाद खोजबीन किया नहीं मिला तो इसका सूचना घर वालों को दिया। घर एवं गांव वाले पहुंचे और काफी खोजबीन करने के बाद रितेश को निकाला। लेकिन तब तक रितेश की मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी ग्रामीणों के माध्यम से थाना प्रभारी आकाश कुमार को मिली। जानकारी मिलते ही आकाश कुमार थाना एसआई नसीम अंसारी को दलबल के साथ खरसोता भेजे। जिसके बाद एसआई ने घरवालों से पूछताछ किया और शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया।

